दैनिक

RNI No. MPHIN/2018/77427

सच कहने का साहस

# चम्बल नवराष्ट्र

CHAMBAL NAVRASHTRA

web portal : cnnews.co.in | Email : guptavineet087@gmail.com | Share Events & News 8889307028

वर्ष -6 अंक-226 | भोपाल, शनिवार 27 जुलाई 2024 | पृष्ठ -8 मूल्य-2.00

### कारगिल में मोदी बोले

## अग्निवीर पर विपक्ष झूठ फैला रहा, इसका मकसद सेना को युवा बनाना

**नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने लद्दाख में 1999 की जंग के नायकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने करीब 20 मिनट के संबोधन में पाकिस्तान, आतंकवाद, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अग्निपथ योजना और विपक्ष पर बात की।

प्रधानमंत्री ने कहा- डिफेंस सेक्टर में रिफॉर्म्स के लिए भारतीय सेनाओं की सराहना करता हूं। उन्होंने कई साहसी फैसले लिए। इसमें अग्निपथ योजना भी शामिल है। दशकों तक संसद में सेनाओं को युवा बनाने पर चर्चा होती रही है। लेकिन हमने इस पर काम किया। कुछ लोगों ने इसे राजनीति का विषय बना दिया।




पीएम के बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- मोदी कह रहे हैं कि उनकी सरकार ने सेना के कहने पर अग्निपथ योजना लागू की। यह झूठ है। यह सेना का अपमान है। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि पीएम कारगिल विजय दिवस के मौके पर ओछी राजनीति कर रहे हैं। इससे पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया। पूर्व आर्मी चीफ (रिटायर्ड) जनरल एमएम नरवणे ने ऑन रिकॉर्ड कहा है कि अग्निपथ योजना में 4 सालों की सेवा के बाद 75प्रतिशत सैनिकों को रखा जाएगा और 25प्रतिशत रिटायर्ड हो जाएंगे, लेकिन मोदी सरकार ने इससे उल्टा किया है। योजना को तीनों सेनाओं पर जबरदस्ती लागू किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कारगिल वॉर मेमोरियल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद लद्दाख में शिंकुन ला टनल प्रोजेक्ट के लिए पहला वर्चुअल ब्लास्ट किया। यह दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बनने वाली टनल है। समुद्र तल से इसकी ऊंचाई करीब 15,800 फीट है। यह हिमाचल प्रदेश की लाहौल वैली को लद्दाख की जास्कर वैली से जोड़ेगी।

4.1 KM लंबी यह टनल निमू-पदुम-दारचा रोड पर बनाई जाएगी। इसे बनाने में करीब 1681 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) करीब दो साल में बनाकर तैयार करेगा। इलाके में साल के चार-पांच महीने बर्फ जमी रहती है। टनल बन जाने के बाद यहां सालभर आवाजाही की जा सकेगी।

शिंकुन ला टनल एक ट्विन-ट्यूब डबल लेन टनल होगी। इसमें हर 500 मीटर के बाद क्रॉस पैसेज होंगे। इसके अंदर सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजिशन सिस्टम, मैकेनिकल वेंटिलेशन सिस्टम, फायर फाइटिंग सिस्टम और कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी जैसी सुविधाएं होंगी।

## छत्तीसगढ़ में ट्रैक पर गिरे पेड़ से टकराई पैसेंजर ट्रेन:इंजन के दो पहिए पटरी से उतरे; पायलट घायल



**कांकेर/बालोद।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बालोद के दल्ली राजहरा से भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, दुर्ग, रायपुर तक चलने वाली पैसेंजर ट्रेन हादसे का शिकार हो गई। पैसेंजर ट्रेन ट्रैक पर गिरे बरगद के पेड़ से टकरा गई। हादसे में ट्रेन के पायलट को हल्की चोटें आई हैं। घटना भानुप्रतापपुर के मुल्ले कैंप के पास की है। ट्रेन के घायल लोको पायलट का नाम पवन कुमार टंडन बताया जा रहा है। पायलट को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि पैसेंजर की अधिकतर बोगियां खाली थी, जिससे ट्रेन में कुछ ही यात्री सवार थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं।

## राहुल मोची की दुकान पर पहुंचे, चप्पल सिली 5 मिनट बातचीत की, पूछा- जूता कैसे बनाते हो

सुल्तानपुर/लखनऊ। राहुल गांधी गृहमंत्री अमित शाह मानहानि केस में शुक्रवार को सुल्तानपुर कोर्ट पहुंचे। लौटते वक्त राहुल ने अचानक अपना काफिला एक मोची की दुकान पर रुकवा लिया। गाड़ी से उतरकर राहुल मोची राम चैत की दुकान पर पहुंचे। चप्पल की सिलाई की। उनसे पूछा कि जूते कैसे बनाते हो।

करीब 5 मिनट तक राम चैत से बातचीत के बाद राहुल वहां से निकल गए। राम चैत ने राहुल से कहा- %मैं गरीब हूं। थोड़ी मदद कीजिए।% राहुल ने नीट छात्र से भी मुलाकात की। कहा कि पेपर लीक होनहार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।



गृहमंत्री अमित शाह मानहानि केस में सुल्तानपुर कोर्ट में राहुल गांधी ने बयान दर्ज कराए। जज से कहा, मैं निर्दोष हूं। मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हुई है। मैं सारे आरोपों से इनकार करता हूं। मेरी और मेरी पार्टी की छवि को धूमिल करने के लिए आरोप लगाए गए हैं राहुल गांधी शुक्रवार सुबह 11 बजकर 3 मिनट पर कोर्ट पहुंचे। 11=19 बजे कोर्ट से बाहर आ गए। राहुल करीब 16 मिनट तक कोर्ट रूम में रहे। इसके बाद लखनऊ के लिए रवाना हो गए। राहुल के वकील काशी शुक्ला ने कहा, संसद सत्र चल रहा है, इसके बावजूद राहुल सुल्तानपुर कोर्ट आए। यहां पर राहुल ने अपना बयान दर्ज कराया। मुकदमे में अगली सुनवाई 12 अगस्त की है।

राहुल की वजह से सुल्तानपुर कोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। इससे यहां के वकील नाराज हो गए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव ने हड़ताल का ऐलान कर दिया। उन्होंने एक पत्र जारी किया। इसमें लिखा कि राहुल की पेशी के चलते जगह-जगह सुरक्षा बैरिकेडिंग की गई है। इसलिए वकील कोर्ट नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसलिए हमने काम का बहिष्कार किया। राहुल के पहुंचने से पहले कोर्ट में जबरदस्त भीड़ हो गई। राहुल को बीच में करके सुरक्षाकर्मी अंदर ले गए।

### यूपी सरकार का बड़ा फैसला: मुख्यमंत्री योगी बोले-

## अग्निवीरों को प्रदेश पुलिस और पीएसी में देंगे आरक्षण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की सेवा करके लौटने वाले अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएसी बल में आरक्षण देने की सुविधा उपलब्ध कारएंगे। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के रूप में देश को ट्रेंड और अनुशासित युवा सैनिक मिलेंगे। सीएम योगी ने अग्निवीर मुद्दे पर विपक्ष की राजनीति को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विरोधियों का काम हर प्रगति और रिफॉर्म वाले कार्य में अड़ंगा लगाने, टांग अड़ाने और अफवाह फैलाने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। बीते 10 साल में भारत में बेहतरीन रिफॉर्म हुए हैं। सीएम योगी ने कहा कि भारतीय सेना के आधुनिकीकरण और इसके साजो-



सामान के मामल में हम आत्मनिर्भरता की ओर से बढ़ रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक में शामिल होने से पहले शुक्रवार शाम यहां अपने सरकारी आवास पर सीएम योगी मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

अग्निवीर जब अपनी सेवा के बाद वापस आएंगे, उत्तर प्रदेश सरकार पुलिस सेवा में, पीएसी में इन नौजवानों को प्राथमिकता के आधार पर समायोजन की सुविधा देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश और समाज के लिए प्रगति और समृद्धि के नित नये प्रतिमान स्थापित करने के लिए समय-समय पर होने वाला रिफॉर्म अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। हर फील्ड में पिछले 10 साल में बेहतरीन रिफॉर्म हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की अथर्व्यवस्था को एक सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाने और दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में लाने के लिए कार्य किये गये हैं। एक तरफ हम समृद्धि के नित नये सोपान छू रहे हैं, तब हमें राष्ट्रीय सुरक्षा को भी उतना ही महत्व देना होगा। सेना और उनके साजो सामान में आत्मनिर्भरता के लिए उठाये गये कदम हों या आधुनिकिकरण के लिए लिए गये त्वरित निर्णय, आज अत्याधुनिक फाइटर प्लेन भारत के पास हैं।

## आप का दावा- केजरीवाल का शुगर लेवल 50 तक गिरा कहा- उनकी हालत चिंताजनक

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संदीप पाठक शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अरविंद केजरीवाल का ब्लड शुगर लेवल 50 हो गया है।

पाठक ने कहा- उनकी हालत चिंताजनक है। वह चुने हुए सीएम हैं, उन पर कई लोगों का भरोसा टिका हुआ है। ऐसे व्यक्ति को जेल में नहीं रखा जाना चाहिए। आप सांसद ने कहा कि उपराज्यपाल (एलजी) कह रहे है कि केजरीवाल जानबूझकर कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्हें किसी डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

आप ने कहा है कि केजरीवाल के स्वास्थ्य और उनकी रिहाई को लेकर



I.N.D.I.A. ब्लॉक 30 जुलाई को जंतर-मंतर पर रैली करेगा। इसमें अखिलेश और तेजस्वी यादव शामिल होंगे। 25 जुलाई को दिल्ली की मंत्री आतिशी ने बीजेपी पर केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश रचने का आरोप लगाया। आतिशी ने ये भी कहा जब भाजपा को केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने की संभावना के बारे में पता चला तो उन्होंने मुख्यमंत्री को CBI से गिरफ्तार करवा दिया।

### लोकसभा में जेडीयू नेता बोले-

## हमारा गठबंधन फेविकोल का जोड़:ये प्री-पोल अलायंस, हमेशा चलेगा

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का शुक्रवार को पांचवां दिन है। लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान पंचायती राज मंत्री ललन सिंह ने कहा- जेडीयू और टीडीपी चुनाव से पहले भाजपा के साथ है। ये प्री-पोल अलायंस है। हमारा अलायंस फेविकोल से जुड़ा हुआ है। ये हमेशा बना रहेगा।

ललन सिंह ने आगे कहा- हम पहले (इन्हीं) विपक्ष के साथ (बिहार में) थे। ये लोग गिद्ध की तरह थे। लेकिन अब छोड़कर जा चुके हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा- 99 का आंकड़ा बड़ा खतरनाक होता है। लूडो खेला है तो जानते होंगे कि अगर सांप काट ले तो नीचे आ जाएंगे।



संसद से बाहर आने के बाद कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा- देश की संसद में सीधा सवाल पूछा गया कि सरकार MSP कानून लाएगी या नहीं? जुलाई 2022 से 2024 तक MSP कानून बनाने के लिए पीएम मोदी ने जो कमेटी बनाई थी, उसकी रिपोर्ट आई है या नहीं? देश के कृषि मंत्री ने इस जवाब को नकार दिया। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मोदी सरकार ने आज संसद के पटल पर 72 करोड़ अन्नदाता किसान और मजदूर का अपमान किया है।

हिमाचल की मंडी से बीजेपी सांसद कंगना रनोट ने कहा- हमारी अर्थव्यवस्था 10 साल में तेजी से बढ़ी है। इस बार का बजट देश के लिए है। विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। हमारे हिमाचल में बाढ़ आई। जन-धन का नुकसान हुआ। वहां की कांग्रेस सरकार लापरवाह है। वित्त मंत्री ने हिमाचल के लिए स्पेशल रिलीफ फंड की घोषणा की है। उनका आभार है। एनडीए सरकार को लेकर ललन सिंह ने कहा- जेडीयू और टीडीपी चुनाव से पहले भाजपा के साथ है। ये प्री-पोल अलायंस है।

# श्योपुर जनपद पंचायत की पांडोला में सरपंच सचिव की मनमानी के आगे अधिकारी नतमस्तक

## चम्बल नवराष्ट्र के संपादक ने लिखा जिला पंचायत सीईओ को पत्र, सीईओ बोले- मामले में करूंगा कार्रवाई

**श्योपुर (चम्बल नवराष्ट्र)।** श्योपुर जिले की पांडोला ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव की मनमानी के आगे आला अधिकारी भी नतमस्तक है। सरपंच सचिव की राजनीतिक पकड़ इतनी मजबूत है कि जनपद पंचायत के अधिकारी तो क्या जिला पंचायत के अफसर भी कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। इस मामले में दैनिक चम्बल नवराष्ट्र समाचार पत्र में भी दो मर्तबा खबर प्रकाशित की जा चुकी है लेकिन अधिकारी कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। दैनिक चम्बल नवराष्ट्र के संपादक विनीत गुप्ता द्वारा इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने के लिए जिला पंचायत सीईओ अतेंद्र सिंह गुर्जर को एक पत्र लिखा है। पत्र में समाचार पत्र में लगी खबर के आधार पर संबंधितों पर कार्रवाई का जिक्र किया गया है।

हालांकि जिला पंचायत सीइओ इस मामले में कार्रवाई की बात कह रहे हैं।






### यह है मामला

ग्राम पंचायत पांडोला में बाल्मीकि बस्ती से नसीर जी तक बनाई गई सीसी सड़क एक बारिश नहीं झेल सकी। नतीजतन लाखों रुपए की लागत से बनाई गई यह सड़क जगह जगह से उखड़ने लगी है। इस सड़क के निर्माण में ग्राम पंचायत द्वारा गुणवत्ताहीन सामग्री का बेजा इस्तेमाल किया गया। वहीं सरपंच सचिव ने इस निर्माण कार्य में मानकों के आधार पर कार्य नहीं किया। सड़क निर्माण में कम मात्रा में सीमेंट डालने के कारण यह जगह जगह से टूट गई है। इसकी मोटाई छह इंच की बजाय तीन इंची की गई इसके चलते यह सीसी सड़क कुछ महीने भी नही टिक पाएगी। घटिया निर्माण को लेकर बाल्मीकि बस्ती के वासिंदे इस मामले की शिकायत पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के अधिकारियों से करने की भी बात कह रहे हैं। वहीं पंचायत में चल रहे मनरेगा के कार्यों में रोजगार सहायक भी अपनी मनमानी करने पर उतारू हैं। पंचायत में मनरेगा के तहत चल रहे निर्माण कार्यों में रोजगार सहायक मजदूरों के हक पर डाका डालकर फर्जी मस्टर भर रहा है। रोजगार सहायक द्वारा प्रतिदिन फर्जी तरीके से मजदूरों के खाते में पैसे डालकर शासन को चूना लगाया जा रहा है।

### इनका कहना है

मामला मेरे संज्ञान में नहीं आया है। आप किसी को आवेदन लेकर भेजिए मैं संबंधित सरपंच सचिव और रोजगार सहायक पर कार्रवाई करवाता हूं

**अतेंद्र सिंह गुर्जर सीईओ**
**जिला पंचायत श्योपुर**

# नोडल अधिकारी के शिड्यूल अनुसार आधार ऑपरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करें




**श्योपुर।** कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड ने पीएम जनमन योजना के तहत सहरिया बाहुल्य ग्रामों में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के कार्य की समीक्षा बैठक में निर्देश दिये कि सभी 44 नोडल अधिकारी एक दिन पहले अपने-अपने ग्रामों का आधार कार्ड बनाने एवं अपडेशन के संबंध में समयानुसार आधार ऑपरेटर की उपलब्धता के संबंध में शिड्यूल जारी करेंगे। जिस अनुसार आधार ऑपरेटर ग्रामों में उस समय में उपस्थित होकर आधार अपडेशन का कार्य करेंगे। शिड्यूल अनुसार जो आधार ऑपरेटर ग्रामों में नही पहुंचेगे उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। ई-गर्वेनेस मैनेजर उक्त शिड्यूल अनुसार आधार ऑपरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। उन्होने निर्देश दिये कि 1 अगस्त तक सभी आधार ऑपरेटर आवश्यकतानुसार ग्रामों में रात्रि विश्राम कर आधार बनाने का कार्य करेंगे। बैठक में पीएम जनमन योजना के नोडल सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री एमपी पिपरैया, सीईओ जनपद श्री एसएस भटनागर, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ सुभाष बाबू दौहरे, सहायक संचालक शिक्षा श्री यश जैन, सुश्री मधु शर्मा, ई-गर्वेनेस मैनेजर श्री धमेन्द्र मीणा सहित अन्य नोडल अधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा अन्य नोडल अधिकारी एवं आधार ऑपरेटर वर्चुअली माध्यम से बैठक में शामिल हुए। कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड ने निर्देश दिये कि जिन हितग्राहियों के आधार अपडेशन हो चुके है या नवीन आधार बना दिये गये है, उनके शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य संबंधित पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। आधार अपडेशन के बाद सभी का आयुष्मान कार्ड बनाया जाये, इसमें लापरवाही पर संबंधित पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

# मिशन अंकुर- 100 दिन में अक्षर एवं संख्या पहचान का लक्ष्य

## 10 अगस्त तक शत प्रतिशत नामांकन कार्य पूर्ण करें-कलेक्टर

**श्योपुर।** कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड ने जिला शिक्षा केन्द्र श्योपुर के तत्वाधान में आयोजित मिशन अंकुर की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कक्षा 2 एवं 3 के शत प्रतिशत बच्चों को अक्षर एवं संख्या का ज्ञान होना सुनिश्चित किया जायें। इसके लिए 100 दिन की कार्य योजना का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किया जायें। आवासीय परिसर ढेगदा के सभागार में आयोजित उक्त बैठक में एडिशनल सीईओ जिला पंचायत डॉ अजय उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रविन्द्र सिंह तोमर, डीपीसी डॉ पीएस गोयल, निपुण प्रोफेशनल श्री सुरेश कुमार सहित सभी बीआरसी, बीएसी आदि उपस्थित थे।



कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड ने कहा कि सीएसी और बीएसी द्वारा नियमित रूप से उनके कार्य क्षेत्र की शालाओ का भ्रमण किया जायेगा तथा कक्षा 2 व 3 के बच्चों की अक्षर ज्ञान एवं संख्या ज्ञान के आधार पर आंकलन करने हेतु ऐसे बच्चों की लिस्ट तैयार की जायेगी, जो एक भी शब्द नही पढ पाते है, ऐसे बच्चों के नाम रजिस्टर में दर्ज किये जायेगे। इसके उपरांत 45 दिन बाद फिर से उन शालाओं का निरीक्षण कर आंकलन किया जायेगा यदि विद्यार्थी अभी भी उसी कैटेगरी में है, तो संबंधित शिक्षको की काउंसलिंग की जायेगी एवं उन्हें बच्चों के अक्षर एवं संख्या ज्ञान कराने के लिए उनके द्वारा अपनाई जा रही अध्यापन गतिविधियों का आंकलन करते हुए कठिनाईयो का निवारण किया जायेगा।

# प्रदेशव्यापी वृहद वृक्षारोपण अभियान अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण

**श्योपुर।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार पंच 'ज' अभियान के अंतर्गत पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से प्रदेशव्यापी वृहद वृक्षारोपण अभियान गत 5 जून से 15 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश कुमार गुप्त, कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जागिंड़ एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद के कुशल नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर श्योपुर में वृह्द वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर जिला न्यायालय श्योपुर के समस्त न्यायाधीशगण, जिला विधिक सेवा



प्राधिकरण, कलेक्ट्रेट कार्यालय, पुलिस विभाग, वन मण्डल के विभिन्न अधिकारीगण द्वारा विशेष वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम अभियान के तहत नीम, शीशम, आम, जामुन, आंवला, अमरूद इत्यादि प्रजाति के पौधे लगाकर जनसामान्य को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में श्री लीलाधर सौलंकी, विशेष न्यायाधीश, श्री अरूण कुमार खरादी, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, श्री राजकुमार वर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती मनदीप कौर सेहमी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सुश्री रिचा भट्ट, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सुश्री पूर्वी राय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, डी.एफ.ओ. कूनो वनमण्डल श्री आर थिरूकुराल, अपर कलेक्टर डॉ अनुज कुमार रोहतगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सतेन्द्र तोमर, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, श्रीमती शिखा शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं तहसीलदार श्री अर्जुन सिंह भदौरिया एवं अन्य विभागों के समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# स्कूल बसों की चैकिंग, सुरक्षा प्रबंधों के साथ संचालन के निर्देश




**श्योपुर।** परिवहन आयुक्त मप्र ग्वालियर के निर्देशन में एवं कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में जिला परिवहन अधिकारी श्री आरएस चिकवा द्वारा श्योपुर जिले में स्कूल वैन एवं बसों सहित अन्य वाहनों की चेकिंग की गई।

इस दौरान उन्होने जिले के सभी स्कूल संचालको को निर्देश दिये है कि अपने अपने स्कूल में संचालित वाहनों का संचालन माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी की गई गाईड लाईन का पालन करते हुए किया जायें। जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं प्राइवेट स्कूल संस्थाओं को निर्देशित किया कि बच्चो की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार सभी सुरक्षा प्रबंधो के साथ अपने वाहनों का संचालन करे। नियम विरुद्ध चल रहे वाहनों से शासकीय समन शुल्क 21500 रूपये वसूल किये गए।

# विजयपुर में डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण हेतु प्रशिक्षण आयोजित





### मास्टर ट्रेनर ने दी ट्रेनिंग

**दिलीप कुशवाह**

**विजयपुर (चम्बल नवराष्ट्र)।** मध्यप्रदेश भू-अभिलेख नियमावली के तहत फसल गिरदावरी का कार्य वर्ष में 3 बार मौसम (खरीफ/रबी/जायद) में सारा एप के माध्यम से संपन्न किया जाता है। जिले में फसल गिरदावरी के कार्य में पारदर्शिता लाने हेलु डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण के तहत फसल गिरदावरी का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाना है। ''राजस्व माह अभियान 2.0'' के तहत कलेक्टर लोकेश जांगेड के निर्देशानुसार तहसील विजयपुर के सभाकक्ष में डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया गया । प्रशिक्षण में चयनित स्थानीय युवा सर्वेयर को डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण के संबंध में कार्यप्रणाली, उद्देश्य, महत्व एवं आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण में तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी भी मौजूद रहे। श्योपुर जिले की विजयपुर तहसील में डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण के तहत फसल गिरदावरी कार्य हेतु स्थानीय युवाओं का चयन किया गया है। जिसमें विजयपुर तहसील के ग्रामों में युवाओं का चयन किया जा चुका है। जो आगामी समय में फसल सर्वे करेंगे।

# अदम्य साहस और वीरता का पर्याय है कारगिल विजयः ब्रिगेडियर झाला

## ऊर्जा मंत्री की उपस्थिति में ग्वालियर में मना कारगिल विजय दिवस

**ग्वालियर।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ रजत जयंती समारोह महाराज बाड़ा ग्वालियर पर आयोजित किया गया। सर्वप्रथम तिरंगा हाथ में लेकर उपस्थित आर्मी के जवान एनसीसी के क्रेडिट और स्कूल छात्रों ने बैंड बाजे के साथ शौर्य यात्रा पूरे महाराज बड़ा क्षेत्र में घुमाई। इसके पश्चात शहीदों को सलूट करने का कार्यक्रम शुरू हुआ।

कार्यक्रम में प्रथम पुष्प चक्र गौशाला लाल टिपारा के संत ऋषभदेवानंद जीने अर्पित किया उसके बाद क्रमशः पुष्प चक्र भारत पैट्रोलियम के सेल्स ऑफिसर पवन मीना , लेफ्टिनेंट कर्नल सारांश, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल नरेंद्र सिंह तोमर, पुलिस लाइन सूबेदार प्रेम सिंह राठौड़, पूर्व साडॉ अध्यक्ष राकेश जादौन, एडिशनल एसपी निरंजन शर्मा, एसडीएम विनोद सिंह, मुख्यालय मुरार से मेजर अनमोल सिंह विहवल सेंगर मध्य प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर और सशस्त्र सैनय सलामी ब्रिगेडियर केडीएस झाला ने 527 शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर सलाम किया। स्वामी ऋषभदेवानंद ने कहा की र्तन समर्पित मन समर्पित और यह जीवन समर्पित जीवन का हर क्षण समर्पित करने वाले वीर सपूतों को नमन करता हूं। भावी पीढ़ी उनके त्याग और बलिदान से राष्ट्र रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहेगी, जो वीरगाथाएं हम गा गा कर वीरत्व जगाते हैं वह अमित कहानी का स्त्रोत है। हमारे वीर शहीद ब्रिगेडियर झाला ने अपने संबोधन में कहा शत्रु पर विजय का हमारी सेना का इतिहास रहा है। युद्ध का इतिहास अगर हम देखेंगे तो हमारी सेना ने शत्रु को अपने साहस और पराक्रम से हर परिस्थिति में हराया है। फिर शत्रु कितने भी सुरक्षित जगह पर रहा हो, हमारी सेना हर स्थिति में बरसात का मौसम हो, सर्दी का मौसम हो गर्मी का मौसम हो,



बर्फीली चोटियां हो, ऑक्सीजन की कमी हो, लेकिन हमारे बहादुर सेना ने शत्रु को हर मोर्चे पर हराया है।

सन् 1999 कारगिल युद्ध का इतिहास अगर हम देखें वहां का भूभाग गहरी गहरी खाईयो वाला और उन खाइयों के बीचऊँची ऊँची बर्फ से ढ़की पहाड़ियां । शत्रु ऊपर और हमारी सेना नीचे । दुश्मन तक पहुंचने का कोई भी रास्ता नहीं, इसके बाबजूद हमारे वीर योद्धा शत्रु तक पहुंचे भी ओर उनकी गर्दन को भी मरोड़ा । तब सारे विश्व ने हमारी सेना के पराक्रम को जाना, हमारी सेना वीरता का पर्याय बनी। उक्त उदगार ब्रिगेडियर केडीएस झाला जी ने कारगिल शहीद सरमन सिंह खेल एवं शिक्षा प्रसार संस्था एवं नगर निगम ग्वालियर के संयुक्त तत्वाधान मेंअयोजित कारगिल विजय दिवस समारोह में व्यक्त किये ब्रिगेडियर केडीएस झाला जी ने कहा हमारी सेना के कारण कोई भी देश हमारी तरफ आँख उठाने का साहस नही कर पाता है। हमारे ग्वालियरवासियों के लिए बड़े ही गर्व की बात है कि सेकंड राज रिफ सेक्शन लीडर हवलदार सरमन सिंह व उनके साथियों ने विषम परिस्थितियों में जहां सांस लेने में भी दिक्कत है माइनस डिग्री में टेंपरेचर है ऐसी विषम परिस्थितियों में हमारे रणबांकुरे ने विजय श्री दिलाई। 28 जून की दरमियानी रात हवलदार सरमन सिंह (सेना मेडल) का टाइगर हिल पर तिरंगा फहराते हुए बलिदानी पथ पर चले गए मैं ग्वालियर वासियो को बताना चाहता हूं कि कारगिल शहीद सरमन सिंह खेल एवं शिक्षा प्रसार संस्था ने कारगिल युद्ध के 527 शहीदों की स्मृति में देश के तीसरे नंबर का स्मारक कारगिल युद्ध शौर्य स्मारक शहीद सरमन सिंह पार्क ग्वालियर में बनाकर तैयार किया है 1- पहले नंबर का स्मारक कारगिल के द्रास सेक्टर में बना हुआ है जहां यह लड़ाई लड़ी गई,,2- दूसरे नंबर का स्मारक शुकताल, मुजफ्फरनगर ,उत्तर प्रदेश में बना हुआ है गंगा नदी के किनारे , 3- तीसरे नंबर का स्मारक ग्वालियर में कारगिल युद्ध शौर्य स्मारक के नाम से शहीद सरमन सिंह पार्क बहोड़ापुरथाने के बगल से बना हुआ है में कारगिल शहीद सरमन सिंह संस्था को इस कार्य के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूँ और मुझे विश्वास है कि यह स्मारक आने वाली पीड़ियों के लिए देशभक्ति की भावना को जागृत करेग मैं यहां इस कार्यक्रम में सभी अधिकारियों व एनसीसी कैडेट्स स्कूली छात्र-छात्राएं भूतपूर्व सैनिकों उपस्थित जन समुदाय से ये आवाहन करता हूं एक बार उस स्मारक पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने अवश्य जाएं और उस स्मारक का अवलोकन करें।

# शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत स्केलिंग एंड डिजिटल इनिशिएटिव डे के रूप में मनाया गया



**ग्वालियर( चम्बल नवराष्ट्र )।** शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 ग्वालियर में पांचवें दिन की गतिविधि के रूप में स्केलिंग एंड डिजिटल इनिशिएटिव डे मनाया गया। इसके अंतर्गत छात्रों की जागरूकता हेतु एक सत्र का आयोजन किया गया ,जिसका उद्देश्य स्किल इंडिया स्कीम के तहत छात्रों को व्यवसाय हेतु प्रशिक्षित करना है। कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्रों के लिए स्किल डेवलपमेंट आवश्यक है । भिन्न-भिन्न विषयों में इसके डेवलपमेंट कोर्स मौजूद हैं। स्नातकोत्तर शिक्षक (संगणक) श्रीमती वर्षा सक्सैना एवं श्री जयवर्धन ने इस सत्र में छात्रों को एआई का प्रयोग, डिजिटल स्किल्स इत्यादि पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

# पहली बार पर्यटन सखियों की हेरिटेज वॉक आयोजित

**ग्वालियर ।** भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के द्वारा आयोजित मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड, रागिनी फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस हेरिटेज वॉक ने प्रतिभागियों को शहर के गौरवशाली अतीत से रूबरू कराया। शुक्रवार को सुबह 7ः30 बजे जेसी मिल्स कॉलेज की छात्राओं जिन्होंने परियोजना के माध्यम से आत्म रक्षा और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त पर्यटन सखियों के साथ मिलकर हेरिटेज का भ्रमण किया गया। ग्वालियर- चंबल पर्यटन क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण दिए जा रहे है। जो महिलाओं की सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल ग्वालियर फोर्ट, मानसिंह महल, सास बहू का मंदिर, तेली का मंदिर जैसे ऐतिहासिक स्थलों की महत्ता को रेखांकित किया गया, बल्कि प्रशिक्षण प्राप्त टूर गाइड्स और पर्यटन सखियों को आत्मरक्षा और कौशल विकास का अवसर भी प्रदान किया गया।

# केवल भोजन करना ही आहार नहींः चाकणकर

## पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण का किया आव्हान

**ग्वालियर( चम्बल नवराष्ट्र )।** केवल भोजन करना ही आहार नहीं है बल्कि हमारी इंद्रियां जो ग्रहण करती हैं वह भी आहार ही है ,कान जो सुनते हैं, वह कान का भोजन है, मुंह जो ग्रहण करता है वह उसका आहार है, दृश्य आंख का भोजन है पर उन सबमें चुनाव का होना आवश्यक है। यह बात यह बात जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने शासकीय उमावि मॉडल ग्वालियर सी एम राइस में प्रार्थना सभा के दौरान कहीं श्री चाकणकर ने कहा कि हर बात सुनी जाये, हर चीज देखी जाय, हर स्वाद ग्रहण किया जाय, यह आवश्यक नहीं । जो सार्थक, उपादेय तथा आत्मविश्वास में सहायक हैं, उन रसों को भीतर जाने दिया जाये, निरर्थक को बाहर ही छोड़ दिया जाये। पर उपयोगी, अनुपयोगी का चुनाव करे कौन? आंखों में देखने की तो क्षमता है पर चुनने की नहीं । कान सुन



सकते हैं पर उचित अनुचित के बीच भेद नहीं कर सकते । स्वादेन्द्रिय सार्थक-निरर्थक के बीच भेद नहीं कर पातीं, वह मात्र स्वाद की अनुभूति कर पाती हैं जिसे चुनाव करना चाहिए वह चेतना तो प्रसुप्त-मूर्छित पड़ी रहती है । फलतः इन्द्रियां सार्थक-निरर्थक सभी संवेदनाओं को भीतर भरती रहती हैं । मन के भीतर निरर्थक अनुभूतियों एवं विचारों का कबाड़ एकत्रित होता जाता है । मन का यदि किसी प्रकार आपरेशन कर सकना सम्भव हो सके तो अधिकांश के भीतर अनर्गल विचारों के कूड़े का अम्बार जमा दिखायी देगा । देखने, सुनने, स्वाद लेने, पढ़ने आदि में चुनाव दृष्टि के न होने से ही ऐसा होता है ।

# 108 नोडल अधिकारी ने किया 5 एम्बुलेंसों का निरीक्षण, मिली कमियों पर की नाराजगी व्यक्त

**ग्वालियर (चम्बल नवराष्ट्र)** ग्वालियर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला ग्वालियर डॉ.आर.के.राजौरिया ने बताया कि ग्वालियर जिले के निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें इस हेतु 108 एम्बुलेंस के नोडल अधिकारी आई.पी.निवारिया को निर्देशित किया जिस पर नोडल अधिकारी ने गुरुवार को 5 एम्बुलेंसों का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्हें 3 एम्बुलेंसो में कमियां मिलीं जिसके लिए 108 संचालित करने वाली कंपनी जय अम्बे इमरजेंसी सेवा के विरूद्ध एमडी (एनएचएम) मध्य प्रदेश को पत्र लिखा जायेगा । नोडल अधिकारी



ने गोले के मन्दिर लुकेशन की एम्बुलेंस सीजी 04 एन.जेड.1317 को चेक कि जिसमें अग्निशमन यंत्र एक्सपायर तिथि का मिला ,ए.सी. खराब था एम्बुलेंस में पल्स ऑक्सीमीटर व नेबुलाइजर नहीं मिला , साथ ही कई दवाएं नहीं जुलाई माह का दवाओ का रिकॉर्ड एवं अन्य रिकार्ड व्यवस्थित नहीं था इसके बाद उन्होंने दो जननी एक्सप्रेस का निरीक्षण किया जिसमें ष्टत्र 04 एन यू 9040 में फर्स्ट एड वाक्स नहीं मिला , बाकी व्यवस्था ठीक मिली ,दूसरी जननी एक्सप्रेस सीजी 04 बीबी 65 54 में बिटाडीन एक्सपायरी मिली तथा अग्निशमन यंत्र में गैस नहीं मिली दो अन्य बी.एल.एस. हजीरा लोकेशन एवं कम्पू लुकेशन की 108 एंबुलेंस चेक की जिसमें व्यवस्थाएं संतोषजनक मिली ।

# डीपीएस की 11 बसें अनफिट पाए जाने पर थाने में खड़ा कराया गया

## परिवहन अधिकारी एवं यातायात पुलिस द्वारा चलाया गया विशेष अभियान

**ग्वालियर (चम्बल नवराष्ट्र)** ग्वालियर जिले में बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर परिवहन विभाग एवं ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्कूल बसों की फिटनेस की जांच का अभियान चलाया जा रहा है। जिन स्कूलों की स्कूल बस में फिटनेस नहीं पाई जा रही है, उनके संचालन को प्रतिबंधित भी किया जा रहा है।

जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को अभियान के तहत डीपीएस स्कूल की 11 बसों में फिटनेस एवं अन्य कमियां पाए जाने पर ट्रैफिक थाना मेला ग्राउण्ड में रखवाया गया है।



अभियान के तहत जिला परिवहन अधिकारी एवं डीएसपी ट्रैफिक द्वारा बसों की जांच का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान डीपीएस की 11 बसों में फिटनेस एवं अन्य कमियां पाए जाने पर थाने में रखवाया गया है।

## संपादकीय

# केंद्र को झटका

आखिरकार केंद्र और राज्यों के बीच अधिकारों की कानूनी लड़ाई तार्किक परिणति तक पहुंच ही गई है। देश की शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया है कि किसी भी राज्य के खनिजों पर देय रॉयल्टी एक कर नहीं है। साथ ही स्पष्ट किया कि राज्यों के पास खानों, खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर कर लगाने की विधायी क्षमता निर्धारित है। दरअसल, इस सारे विवाद के मूल में खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 रहा है। इस अधिनियम का हवाला देते हुए केंद्र सरकार की दलील थी कि केवल संसद ही खनिजों पर कर लगा सकती है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की बैंच ने इस बाबत फैसला सुनाया कि कानून राज्यों को खानों और खनिज विकास पर कर लगाने से प्रतिबंधित नहीं करता है। निश्चित रूप से इस फैसले से प्राकृतिक संपदा से संपन्न गरीब राज्यों मसलन झारखंड और ओडिशा को विशेष रूप से लाभ होने की उम्मीद जगी है। ये राज्य केंद्र द्वारा खानों और खनिजों पर लगाये गए हजारों करोड़ों रुपये के करों की वसूली की मांग करते रहे हैं। निस्संदेह, यदि केंद्र सरकार राज्यों की माली हालत के मद्देनजर उनकी जरूरतों तथा आकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील होती तो निश्चित रूप से इस विवाद को बातचीत के जरिये सुलझाया भी जा सकता था। जब लंबे समय तक इस मामले का निस्तारण नहीं हो सका तो अन्ततः देश की शीर्ष अदालत को गतिरोध तोड़ने के लिये हस्तक्षेप करना ही पड़ा। इसमें दो राय नहीं है कि केंद्र और राज्यों के बीच कई मुद्दों पर टकराव कोई नई बात नहीं है। लेकिन देखने में आया है कि हाल के वर्षों में यह विवाद आम बात हो चला है। निश्चित रूप से किसी भी राष्ट्र की संघीय व्यवस्था के लिये ये टकराव व विवाद कोई शुभ संकेत तो कदापि नहीं हैं। इसमें दो राय नहीं कि कुछ मुद्दे सहमति, सामंजस्य और संवेदनशीलता से भी सुलझाए जा सकते हैं। जिससे राज्यों के आर्थिक संकट को भी दूर किया जा सकता है। दरअसल, इस बात पर गंभीर विमर्श की जरूरत है कि हाल के वर्षों में केंद्र-राज्यों के बीच कलह के मामले लगातार क्यों बढ़ते जा रहे हैं। निस्संदेह, इस टकराव के राजनीतिक निहितार्थ भी हैं। इस विवाद को हाल में संसद में प्रस्तुत आम बजट के परिप्रेक्ष्य में भी देखा जा सकता है। यही वजह है कि वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में राजग गठबंधन में शामिल बिहार तथा आंध्र प्रदेश के लिये घोषित विशेष पैकेजों ने विपक्ष को गैर भाजपा शासित राज्यों से कथित भेदभाव के आक्षेपों के साथ सवाल उठाने का मौका दिया है। विपक्ष ने केंद्र सरकार पर राजनीतिक रूप से पक्षपात वाला बजट बनाने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं कई विपक्षी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने बजट में भेदभाव का आरोप लगाते हुए आगामी 27 जुलाई को होने वाली नीति आयोग की बैठक में शामिल न होने की बात कही है। जो कि केंद्र व राज्यों के बीच टकराव की अप्रिय स्थिति को ही दर्शाता है। यदि अतीत के पन्ने पलटें तो वर्ष 1980 के दशक के उत्तरार्ध में, सरकारिया आयोग ने सहकारी संघवाद के सिद्धांतों के आधार पर सामंजस्यपूर्ण संघ-राज्य संबंधों की जरूरत पर बल दिया था। वहीं दूसरी ओर सरकारिया आयोग ने चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया था कि देश में शक्तियों के अधिक केंद्रीयकरण ने लोगों की समस्याओं का समाधान करने की बजाय उसमें और वृद्धि कर दी है। केंद्र सरकार के लिये बेहतर होगा कि आयोग की रिपोर्ट पर पड़ी धूल को साफ करके उसका बेहद बारीक व संवेदनशील ढंग से अध्ययन करे। इस तरह के आक्षेपों के बीच एक बात तो साफ है कि एक शक्तिशाली केंद्र भारत जैसे विकासशील देश को विकसित भारत में कदापि नहीं बदल सकता है।

# तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर के तत्वाधान में उपजेल देपालपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

रोहित चौहान

**देपालपुर (चम्बल नवराष्ट्र)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर के मार्गदर्शन में विगत दिवस तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर के तत्वाधान में उप जेल देपालपुर में पर्यावरण संरक्षण संबंधी जागरूकता शिविर सहित वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हिदायत उल्ला खान, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर / प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश देपालपुर, सैयद दानीश अली. व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, रिजवाना कौसर, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सहायक जेल अधीक्षक आर,एस, कुशवाह उपस्थिति में किया गया।



उक्त अवसर पर आयोजित पर्यावरण संरक्षण सबंधी जागरूकता शिविर को सबोधित करते हुए प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर हिदायत उल्ला खान द्वारा बताया कि स्वस्थ पर्यावरण के लिये पेड़ों की बहुत आवश्यकता है। पेड़ों के लिये शासन भी बहुत अधिक ध्यान दे रहा है, यह दायित्व सिर्फ सरकार का ही नहीं है. बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को इसके लिये ध्यान देना आवश्यक है, क्योंकि पेड़ हैं तो ही कल है। इसलिये प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिये, व उनकी देखभाल व लालन पालन अपनी संतान की तरह ही करना चाहिये, ये ही वह वास्तविक सम्पत्ति है. जो हम अपनी आने वाली पीढ़ी को देकर जाएंगे, अन्यथा आने वाली पीढ़ी इनके अभाव में संभवतय: समृद्ध हो सकती है, किंतु स्वस्थ्य नहीं हो सकती। वहीं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड सैयद दानिश अली ने बताया कि विश्वभर में सुजलं सुफलं की छवि वाली हमारी भारतभूमि आज पेड़ों की अंधाधुंध कटाई का दंश झेल रही है, पेड़ों के बिना भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती है, अतः प्रत्येक व्यक्ति को न सिर्फ पेड़ लगाना चाहिये बल्कि उनकी उचित देखभाल भी करना चाहिये। वहीं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रिजवाना कौसर द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि जन्म से लेकर मृत्युपर्यंत व्यक्ति किसी न किसी रूप में पेडों पर निर्भर है, जीवन के विकास में पेड़ों की महती भूमिका रहती है। पेड़ों के माध्यम से प्रकृति समस्त प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। अत: सभी व्यक्तियों को पेड़ अवश्य लगाना चाहिये साथ ही अपने आसपास के सभी व्यक्तियों को इसके लिये प्रेरित भी करना चाहिये। जेल अधीक्षक आर0एस0 कुशवाह ने शासन द्वारा वृक्षों की देखरेख हेतु चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा करते हुए बताया कि सरकार का कोई भी अभियान जनता के सहयोग के बिना सफल नहीं हो सकता है, अत: वृक्षारोपण के इस अभियान में भी सभी नागरिकों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये। यह प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य भी है कि वह समाज व आने वाली पीढ़ी के लिये ज्यादा से ज्यादा पेड लगाएं व उनका संरक्षण भी करें कार्यक्रम में देपालपुर न्यायालय से नायब नाजिर दिलीप यादव, आदेशिका वाहक लीलाधर बाथम व तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर के कर्मचारी कामताप्रसाद तिवारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार नायब नाजिर दिलीप यादव द्वारा प्रकट किया गया।

# विक्रम विश्वविद्यालय ने कल B.A 3th 4ear का रिजल्ट घोषित

**खाचरोद (चंबल नवराष्ट्र)।** विक्रम विश्वविद्यालय ने कल B.A 3th 4ear का रिजल्ट घोषित किया है उसमें से खाचरोद महाविद्यालय के बहुत सारे छात्र-छात्राओं को अप्सेंड दर्शाया गया वह जीरो अंक दर्शाया गया हैं इसके विरोध में एनएसयूआई खाचरोद ने एक ज्ञापन कुल सचिव के नाम प्रभारी प्राचार्य डॉ.लीला डाबर को दिया ज्ञापन में बताया गया है कि जल्द से जल्द इन छात्र-छात्राओं की समस्या का समाधान नहीं होने पर एनएसयूआइ खाचरोद उग्र आंदोलन करेगी इसकी समस्त जावेदारी कॉलेज प्रशासन और विक्रम विश्वविद्यालय की रहेगी ज्ञापन देने में छात्र नेता अरुण चीनू पाटीदार, अनिल बैरागी, रवि मुकाती, बबलू शर्मा ,अरविंद मुकाती, हर्षित पाटीदार, राकेश परमार, जगदीश दायना,निलेश पाटीदार, अर्जुन गोस्वामी, मनमोहन बैरागी,मनोज पाटीदार ,निकिता पाटीदार, पायल तंवर, आराधना जाट ,पूजा बैरागी, आरती पाटीदार ,रवीना सेन।

# 6 अगस्त के आंदोलन को लेकर कांग्रेस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई

**इन्दौर (चम्बल नवराष्ट)।** 6अगस्त को एक बड़े आंदोलन की तैयारी कर रही कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी (पी सी सी चीफ) के नेतृत्व में होगा जिसकी तैयारी को लेकर पूर्व जिला संघ अध्यक्ष राधेश्याम पटेल के कार्यालय पर बैठक कर गहन चर्चा करके विषयगत रुप-रैखा तैयार की गयी ,इस चर्चा में विषेष रूप से इंदौर जिला प्रयवेक्षक गजेन्द्र सिंह सिसौदिया एवं पूर्व विधायक जिला प्रभारी रवी जोशी, शहर प्रभारी(नगर -निगम इंदौर ) अविनाश भार्गव , जिला अध्यक्ष



ग्रामिण सदाशिव यादव ,महू से शक्ति सिंह मौजूद रहे और आगामी सभी विधानसभाओं में होने वाली बैठक किस तरह रखना है और आंदोलन की तैयारी को लैकर चर्चा हुई।

# विधायक उमाकांत शर्मा ने स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा पार्क का किया निरीक्षण, सुधार हेतु अधिकारियों को किया निर्देशित



**विदिशा।** सिरोंज शुक्रवार की शाम को क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी हषर्ल चौधरी,के साथ अलीगंज पर बन रहे स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृती पार्क का औचक निरीक्षण किया एवं यथायोग सुधार को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक/राज./2024 दिनांक 23.07.2024

### नामांतरण विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार आवेदकगणों द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अन्तर्गत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो नगर पालिका में विचाराधीन है।

| क्र. | प्रकरण क्र. | क्रेता | विक्रेता | पता | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 73/ना/2024 | आमिर खान/मुन्ने खां | तनवीर अब्बास, अखतर अब्बास, शकील अब्बास हुसैन अली | गांधी बाजार | विक्रेय पत्र |
| 2. | 74/ना/2024 | धनवन्ती बाई/कामराज पाटीदार | शाहिद अली/बुनियाद अली | वार्ड 21 | विक्रेय पत्र |
| 3. | 75/ना/2024 | सुरेश यादव/कन्हैया राम यादव | नईम उल्ला/ फरीद उल्ला आदि | वार्ड 13 | विक्रेय पत्र |
| 4. | 76/ना/2024 | नसरीन बी/अजीज अहमद | अजीज अहमद/सुवराती अहमद | वार्ड 20 | हकत्याग पत्र |
| 5. | 77/ना/2024 | कालूराम/हल्कैया अहिरवार आदि | हल्कईया | वार्ड 17 | शपथ पत्र फोती नामा |
| 6. | 78/ना/2024 | नईम अली/ रईस अली, कलीम अली, शमीम अली रईस अली | अहमद बी/रईस अली | वार्ड 13 | विक्रेय पत्र |
| 7. | 79/ना/2024 | नीरज जैन/ सरदारमल जैन आदि | सरदारमल जैन/ सुख लाल जैन | वार्ड 11 | हकत्याग पत्र |
| 8. | 80/ना/2024 | पंकज जैन/ सरदारमल जैन आदि | सरदारमल जैन/सुखलाल जैन | वार्ड 11 | हकत्याग पत्र |
| 9. | 81/ना/2024 | दुर्गा प्रसाद/भागीरथ आदि | भागीरथ/ हीरा चंद | वार्ड 10 | शपथ पत्र फोती नामा |
| 10. | 82/ना/2024 | मुकेश नामदेव/जगदीस प्रसाद | शोभारम/लक्ष्मीनारायण | वार्ड 10 | वसीयतनामा |

अत: उपरोक्त दावों के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित में प्रमाण सहित इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस के भीतर नगर पालिका कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा वाद अवधि यह मानकर किसी को कोई आपत्ति नहीं आगामी कार्यवाही की जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सिरोंज**

# वो ही व्यक्ति सही, जिसने अपने धन का सदुपयोग किया - मुनि श्री सौम्यसागर महाराज

**मुंगावली (चम्बल नवराष्ट्र)** नगर में विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर महराज के परम प्रभावक शिष्य एव आचार्य श्री समय सागर महाराज के आशीर्वाद से नगर में चातुर्मास कर रहे मुनि श्री सौम्य सागर महाराज,मुनि श्री निश्चल सागर महाराज, मुनि श्री निरापद सागर महाराज द्वारा प्रतिदिन धर्मोपदेश दिए जा रहे हैं। मुनि संघ के सानिध्य में प्रतिदिन सुबह से मंदिरो में जैन श्रदालुओ का पहुंचना शुरू हो जाता है और सर्व प्रथम श्रीजी का अभिषेक और शांतिधारा की जाती है जिसके बाद आचार्य श्री की पूजन के बाद मुनिश्री के मंगल प्रवचन होते है।




शुक्रवार को मुनि श्री सौम्य सागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज वही व्यक्ति सही हैं जो अपने धन का सही उपयोग करते है क्योंकि धन सभी के पास होता है मगर वह उसका सही उपयोग नहीं कर पाते है। पुण्य से पैसा तो मिल जाता है मगर उस पैसे के सही उपयोग के लिए भी पुण्य की जरूरत होती है तभी व्यक्ति का पैसा सही जगह लग पाता है। उन्होंने कहा कि आज सभी लोग चाहते है की धन मिले और उसके लिए क्या क्या जतन करते है और पैसा मिलने के बाद वह पैसा पुण्य कार्य में लगाना चाहिए और पुण्य कार्य में लगाया गया पैसा आपके धन को और बढ़ाता है। मुनि श्री ने कहा कि जब धर्म कार्य में पैसा लगाते है तो लोग बहुत सोचते है कहा से आएगा मगर यह नही सोचना चाहिए आपकी भावना उस पुण्य को और तीव्र कर देती है और आपके द्वारा बोली गई राशि की व्यवस्था कहा से होगी यह आपको पता भी नही चलेगी वह अपने आप की भावना शुद्ध रखना है।

नगर में विराजमान पूज्य मुनि श्री सौम्य सागर महाराज ससंघ मंगल चातुर्मास कलश स्थापना रविवार को बड़े धूमधाम के साथ मनाई जाएगी यह कार्यक्रम संत भवन में आयोजित किया जाएगा जिसमे सुबह आचार्य श्री की पूजन के बाद आहार चर्या होगी वही मंगल कलश स्थापना का आयोजन दोपहर में किया जाएगा समाज के पूर्व महा मंत्री संजय सिंघई ने बताया की दोपहर में मंगल कलश की शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई बापिस कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी जहा

# अशोकनगर में झमाझम हुई बारिश: आधे घंटे से अधिक समय तक वर्षा पानी



**अशोकनगर।** जिले में इस बार बारिश के मौसम में शुरुआती दिनों से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बीते कुछ दिनों से बारिश न होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। इसी के चलते शुक्रवार की शाम के समय जिले भर में झमाझम बारिश हुई। बारिश होने की वजह से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। हालांकि, मुंगावली क्षेत्र में काफी बारिश हो गई है।

सुबह के समय से घने बादल छाए हुए थे। शाम के समय अचानक से बारिश शुरू हो गई। आधे घंटे से अधिक समय तक पानी बरसा। साथ ही हल्की-हल्की बूंदाबांदी का दौर जारी है। जिले में बीते तीन दिनों से बारिश नहीं हुई थी जिसके कारण से उमस भरी गर्मी भी बढ़ गई थी। बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली है। अब तक जिले में 358 मिलीमीटर बारिश हुई है। जिसमें सबसे अधिक मुंगावली क्षेत्र में 593 मिमी हुई है।

# 11 हजार पौधे वितरण हेतु राजस्व विभाग को सौंपे



**मुंगावली (चम्बल नवराष्ट्र)।** नगर के समाजसेवी दीपक पालीवाल द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 11 हजार पौधे राजस्व विभाग को सौंपे गए। समाजसेवी दीपक पालीवाल ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत और कलेक्टर की बैठक से प्रेरित होकर मेरे अंदर भावना हुई की क्षेत्र में हरियाली और पर्यावरण को बढ़ावा मिले और क्षेत्र हरा भरा दिखे इसके लिए मेरे द्वारा आज राजस्व विभाग को पौधारोपण करने के लिए 11 हजार पौधे दिए जिन्हे रोपित किया जाएगा। जिससे हमारा क्षेत्र हरा भरा हो। उन्होंने बताया की मेरे दद्वारा स्वयं भी निकट भविष्य में 5 हजार पेड़ पौधे लगाने का लक्ष्य लिया है जिसमे देशी बांस, कटंगा बांस अस्कंध,सीताफल,नीम, आंवला,समी,बरगद, बैल, कैंथ, मूंगा,निबू जमुना सहित अन्य औषधि सहित अन्य छाया दार पेड़ पौधे शामिल है। तहसीलदार दीपक यादव ने बताया की समाजसेवी द्वारा दीपक पालीवाल ने 11 हजार पेड़ पौधे सुप्रीत किए यह एक अच्छी सोच है पर्यावरण के लिए है इन सभी पोधो को उन लोगो को वितरित किया जाएगा जिन्हे पर्यावरण के लिए चिंतित है और जो क्षेत्र के लिए हरियाली के रूप में देखना चाहते है इस वृक्षारोपण में राजस्व विभाग भी शामिल रहेगा।

# कूलर से करंट लगा, नवविवाहिता की मौत



**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नाहरगढ़ गांव ने एक नवविवाहिता की मौत कूलर का करंट लगने से हो गई है। बताया गया है कि ज्योति पत्नी अमर सिंह आदिवासी उम्र 25 वर्ष शुक्रवार सुबह अपने घर में कूलर को बंद करने के लिए तार निकाल रही थी। तभी उसे तेज झटका लगा और वह बेहोश होकर जमीन पर आ गिरी। परिजनों में हथेलियों और पैरों के तलवों में मालिश कर होश में लाने की कोशिश की, लेकिन जब उसे होश नहीं आया तो ऑटो के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां ड्यूटी डॉक्टर जयसिंह तोमर ने नवविवाहिता को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## शाढ़ौरा में अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाई

# 50 से ज्यादा गुमठी और दुकानों के बाहर लगे टीन शेड भी हटवाए

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा कस्बे में शुक्रवार को गुना-अशोकनगर मुख्य मार्ग से अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। नगर परिषद के सामने से शुरू हुई कार्रवाई बस स्टैंड से आगे तक चली। इस दौरान लगभग 50 से अधिक रास्ते में रखीं गुमटियां हटाई गई। साथ ही दुकानों के बाहर जो लोगों ने टीन शेड करके कब्जा किया था उसे भी हटाया गया।



जिले में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की मुहिम चल रही है। इसी के चलते शाढौरा कस्बे में दो दिन पहले अतिक्रमण हटाने हेतु गुमठी व दुकानदारों को नोटिस दिए थे। हालांकि इस दौरान कुछ लोगों ने पहले ही दुकानों के बाहर का पसरा हुआ अतिक्रमण हटा लिया था, जबकि कुछ लोगों ने टीम के पहुंचने के बाद अपना सामान समेट लिया।

इस कार्रवाई में तहसीलदार सुनील भदोरिया, सीएमओ शमशाद पठान राजस्व नगर पालिका की टीम के साथ पुलिस की संयुक्त टीम जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे और अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू की गई। लगभग 2 घंटे से अधिक समय तक यह कार्रवाई चली। जिसमें दर्जनों दुकानों के बाहर से टीन टप्पर हटाए गए।

कुछ लोगों की दुकानों के बाहर काफी सामान रखा हुआ था साथ ही कुछ स्थानों पर बड़ी गुमटियां रखी थी जिनके समान हटाने में काफी समय लगेगा, इसके चलते उन लोगों ने अपना सामान हटाने हेतु प्रशासन से समय मांगा। इस दौरान उन लोगों को दो दिन में अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया है।

तहसीलदार सुनील भदौरिया ने बताया नगर परिषद के सामने से सहकारी बैंक तक दोनों ओर से अतिक्रमण हटाया गया है। अतिक्रमण हटाने में शहर के लोगों का अच्छा सहयोग रहा। जिन लोगों की दुकानों में अधिक सामान था उन्हें 2 दिन में हटाने का अल्टीमेटम दिया है।

# कारगिल विजय के आज 25 वर्ष पूर्ण होना देश के लिए गर्व करने बाली बात : राधेश्याम उपाध्याय

अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस की 25वी वर्षगाँठ मनायी गयी। इस दौरान सन 1998 में कारगिल युद्ध मे शहीद हुए सेना के वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गयी।




नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. विद्यालय में शुक्रवार को कारगिल युद्ध विजय की रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य और मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता राधेश्याम उपाध्याय द्वारा दीप प्रज्वलन कर शहीदों के चित्रों के समक्ष पुष्प अर्पित किए गए ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध कब और किन हालातों में हुआ और उसमें हमारी सेना के जवानों ने कैसे पाकिस्तान की सेना के दांत खट्टे कर दिए थे और पाकिस्तान के सेनिको को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था यह हमारे लिए गर्व करने के क्षण हैं। अंतरराष्ट्रीय दवाब के बाबजूद भी हमारी सेना के जवान खून जमा देने बाली हिमालय पर्वत की चोटियों में लड़ते रहे ओर जीत हासिल की।

उन्होंने कहा एम कि आज जिस युध्द की बात हम कर रहे हैं जिन भारत माता के वीर सपूतों को हम याद कर रहे हैं आने बाली पीढ़ियां उनकी सदा ऋणी रहेंगी।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए एक रैली निकाली जिसमे घोष दल भी साथ मे बज रहा था नगर के प्रमुख चौराहों से होते हुए अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा पर जाकर उन्हें माल्यार्पण किया गया।

# सरकार की तरफ मेरे दरवाजे हमेशा खुले है : बृजेन्द्र सिंह यादव

## राजस्व अमले के साथ गांव गांव पहुँचकर क्षेत्रीय विधायक ने जाना बाढ़ प्रभावित ग्रमीणों का हाल

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।** विगत दिवस अतिवृष्टि के चलते मेहकुआँ डैम की पार फटने से क्षेत्र के कई ग्रामों के बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए थे कई नदियों में भारी जल सैलाब उमड़ पड़ा था जिससे क्षेत्र के कई ग्रामो में भारी तबाही देखने को मिली थी। इस घटना के बाद शुक्रवार को पूर्व मंत्री एवं मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव बाढ़ प्रभावित बरखेड़ा, बांसखेड़ी, छितरी, तारई, टीला, नादंनखेड़ी, परकना आदि ग्रामों में पहुंचे। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन लोगों के यहाँ ईंधन की व्यवस्था नहीं है उनके लिए ईंधन की व्यवस्था करे जिन घरों में राशन की व्यवस्था नही है दवाइयों की व्यवस्था नही है उनकी व्यवस्था करें। जल भराव से होने वाली महामारी के बचाव हेतु आवश्यक दवाइयों का छिड़काव कराए साथ ही उन्होंने शुद्ध पेयजल हेतु पीएचई विभाग को व्यवस्था करने के निर्देश दिए।



बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों द्वारा पूर्व पीएचई मंत्री क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव से कहा कि बाढ़ में हमारा सब कुछ बह गया है अनाज आदि भी भीग गया, घर मे रखा सामान खराब हो गया है। हमारी फसलें भी जल भराव के कारण खराब हो गई है। बाढ़ पीड़ितों ने कहा कि किसी को बेटी की शादी करना तो किसी को बैंक का कर्ज देना है। बच्चों की पढ़ाई उनकी फीस तमाम तरह के खर्च है लेकिन बारिश के चलते सब कुछ बर्बाद हो गया है ग्रामीणों का कहना है कि बारिश का पानी हमारे सपने ही बहा कर ले गया है।

पूर्व मंत्री क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव जब बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पहुँचे तो लोग अपना बाढ़ से हुआ नुकसान दिखाने के साथ तबाही का आलम दिखाकर अपनी समस्या बताने लगे यादव द्वारा भी लोगो को हर सभव मदद करने का वादा किया साथ ही लोगो से कहाँ की उनके घर के दरवाजे क्षेत्र के लोगों के लिए हमेशा खुले है उन्होंने क्षेत्र के लोगों से उनको हर संभव मदद दिलवाने का वादा किया साथ ही जिसके पास राशन आदि दैनिक जरूरत का सामान नही है उसके तत्काल दिलवाने की बात कहीं जिससे लोगों को परेशानी न हो और वह अपना भरण पोषण कर सके।

दैनिक चम्बल नवराष्ट्र

भोपाल, शनिवार 27 जुलाई 2024



# हाईस्कूल चोपरा में नवांकुर संस्था विवेकानंद युवा मंडल ने किया पौधरोपण

## एक पौधा माँ के नाम लगाकर उसकी देखभाल करें - सुशील बरुआ, पेड़ मानव जीवन के लिए अति आवश्यक इनका संरक्षण करें-प्राचार्य

**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के दिशा निर्देशन नवांकुर संस्था विवेकानंद युवा मंडल दतिया और स्वदेश ग्रामोत्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में हाईस्कूल चोपरा के प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुशील बरुआ संभागीय समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद ग्वालियर संभाग उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि मुनेन्द्र शेजवार जिला समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद रहे।अध्यक्षता प्राचार्य रजनी अडजरिया ने की।

मुख्य अतिथि सुशील बरुआ ने माँ के नाम पौधरोपण करने का आव्हान किया। कहा कि जीवन को संरक्षित रखने हेतु अधिक से अधिक पौधरोपण करें। और पौधों की रक्षा करें जिससे बड़े होकर मानव जाति के उधर



कर सके कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य रजनी अडजरिया ने की पर्यावरण के बारे में बताते हुए कहां के मानव जीवन के लिए पेड़ अति आवश्यक है हम सभी मिलकर उनका संरक्षण करें हर वर्ष एक पौधा जरूर लगाए विशिष्ट अतिथि शेजवार ने पेड़ो से होने वाले लाभ से परिचित कराते हुए पौधरोपण से धरती के श्रृंगार करने की अपील की।

कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक भांडेर शैलेंद्र लिटौरिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी अपने जन्मदिन पर हर वर्ष एक पौधा अवश्य लगे जो आपके जीवन के लिए अति आवश्यक है दतिया ज्योति गोस्वामी ने विचार व्यक्त करते हुए पौधरोपण के महत्व को बताया।

कार्यक्रम में का सफल संचालन विवेकानंद युवा मंडल के संजय रावत ने किया आभार व्यक्त स्वदेश नवांकुर संस्था रामजीशरण राय ने किया । पौधरोपण कार्यक्रम में ब्रजेन्द्र कुमार, कपिल गुप्ता, शिवा राय, श्रेयष रावत, पीयूष राय एवं विद्यालय परिवार की ओर से निधि मिश्रा उषा गुप्ता हेमलता साहू गायत्री बुलकिया शकुंतला सिंह विनय मोर अखिलेश गुप्ता तारा खनम आदि शिक्षक गण एवं पदाधिकारियों व सदस्यों ने सहभागिता की।

## सीईओ द्वारा मत्स्य विभाग का किया निरीक्षण

**दतिया।** सीईओ जिला पंचायत दतियाश्री कमलेश भार्गव द्वारा मत्स्य विभाग का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभाग में चल रहे मत्स्य बीज उत्पादन का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि तालाबों में मत्स्य बीज संचयन कराया जाये। मत्स्य प्रक्षेत्र दतिया पर वृक्षारोपण भी किया गया। जिसमें अमरूद, करंज के पौधे लगाये गए। साथ में श्री राजेश कुमार पाठक सहायक संचालक मत्स्योद्योग रहे। श्री पाठक द्वारा विभाग में चल रही गतिविधियों की जानकारी दी गई। मत्स्य पालकों के किसान क्रेडिट कार्ड बनवायें जा रहे एवं मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्ट पर ग्रामीण, सिंचाई तालाबों को देने की प्रक्रिया चल रही है। श्री पाठक द्वारा बताया गया कि मत्स्य प्रक्षेत्र लाला का ताल दतिया पर मत्स्य बीज उपलब्ध है किसान भाई शासकीय दर पर बीज प्राप्त कर सकते है।

# कारगिल शहीद विजय दिवस के उपलक्ष पर शा.उ. मा.वि. क्र. 2 दतिया में हुई एनसीसी की भर्ती

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया गया नमन

**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 दतिया में एनसीसी , सर्टिफिकेट के प्रथम वर्ष के लिए कैडेट भारती की गई। 15 एमबी बटालियन ग्वालियर के कमांडिंग आफिसर कर्नल डीएस वर्मा एवं एडम आफिसर कर्नल आकाश शर्मा के आदेश अनुसार एवं स्कूल के प्राचार्य रामेश्वर प्रसाद दीक्षित के निर्देशन में बटालियन से आए हवलदार राजकुमार यादव एवं हवलदार राघवेंद्र सिंह ने स्कूल के एनसीसी ऑफिसर केशव वर्मा के साथ स्कूल के छात्रों की भर्ती मापदंड अनुसार पुश अप सिट अप दौड़ के साथ संपन्न कराई 41 बॉयज कैडेट की भर्ती संपन्न हुई। भर्ती



उपरांत कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्राचार्य रामेश्वर प्रसाद दीक्षित, हवलदार राजकुमार यादव, हवलदार राघवेंद्र सिंह, एनसीसी अधिकारी केशव वर्मा , शिक्षक हरिमोहन द्विवेदी एवं एनसीसी के छात्रों ने विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया एवं शहीदों को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

## टैक्टर के रोटावेटर में दबने से बुजुर्ग की मौत

**दतिया।** भांडेर में मारवाड़ी बाग में गुरुवार शाम 4 बजे कस्बा ट्रैक्टर के रोटरबेटर में दबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भांडेर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास निवासी सुरेश साहू के खेत में ट्रैक्टर के रोटावेटर से धान के खेत की बखरनी हो रही थी।

वार्ड-4 आनंद टॉकीज निवासी बुजुर्ग रमेश पाल ट्रैक्टर के साथ चल रहा था। उसी समय यह हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि, सुरेश का बुजुर्ग ड्राइवर था। लेकिन आज वह ट्रेक्टर नही चला रहा था। ट्रेक्टर मालिक सुरेश चला रहा था। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है। वही मामले में आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

# नवीन जेल का पड़ा अधूरा निर्माण कार्य फण्ड का दुरुपयोग

**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** म.प्र.शासन द्वारा दतिया पुरानी जेल के स्थान पर भाण्डेर रोड़ पर स्व. अरुण भारती के पेट्रोल पंप के पास बन रही नवीन जेल का भूमि पूजन तत्कालीन जेल और गृहमंत्री द्वारा दिनांक 5 दिसम्बर 2022 को किया गया था। लगभग एक साल 5 माह होने के उपरांत जेल का काम अधूरा पड़ा है। ऐसा ज्ञात हुआ है कि ठेकेदार निर्माण कार्य नहीं कर रहा है। जिसके कारण जेल का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।

हाला की नवीन जेल की कोई आवश्यकता नहीं थी, बल्कि पुरानी जेल भवन को ही मरम्मतीकरण, सुदृढ़ीकरण किया जा सकता था और ठण्ड़ी सड़क स्थित लंबे-चैड़े ऐरिया में बने जेल का उपयोग और अच्छी तरह से किया जा सकता था, क्योकि नवीन जेल बनने के बाद पुरानी जेल



और उसकी जमीन का क्या उपयोग किया जायेगा। ठण्ड़ी सड़क पर बने हुये जेल के नजदीक अस्पताल तथा अन्य सुविधायें भी उपलब्ध है, किन्तु पूर्व गृहमंत्री द्वारा उस जेल भवन एवं भूमि का पूर्ण उपयोग न करते हुये नवीन जेल का बनवाये जाना समझ से परे है। यदि इतना ही पैसा बच्चों के हॉस्टल एवं शिक्षण संस्थाओं के जो भवन विहीन है उसको बनवाया जाता तो अच्छा होता। पूर्व में भी इसी प्रकार कलेक्ट्रेट बिल्डिंग और भवन का उपयोग न करते हुये ग्वालियर रोड पर नवीन कलेक्ट्रेट भवन बनवा दिया है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस दतिया में हुआ रोजगार अवसर मिले का आयोजन - डॉ. डी.आर. राहुल






**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय पीजी कॉलेज दतिया में स्वामी विवेकानंद युवा संसाधन केंद्र द्वारा रोजगार अवसर करियर मेले का आयोजन किया गया।इस आयोजन में महाविद्यालय की जन भागीदारी के अध्यक्ष बतौर के रूप मुख्य अतिथि पंकज सुधारक़र शुक्ल, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सी ई ओ कमलेश भार्गव, विधायक प्रतिनिधि दारा सिंह, डॉ. जी.एस. गिल, उद्यमिता विभाग संचालक शिव प्रेम दोहरे, संस्था के प्राचार्य डॉ. डी. आर. राहुल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पर माल्यार्पण से किये गया । तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। पंजीयन डॉ. अनुराधा समाधिया, डॉ. चारू सिंह, डॉ. अमिता यादव, डॉ. एम. चन्द्रशेखर, डॉ. हेमा केन द्वारा किया गया। इस करियर मेले के दौरान 14 कंपनियों ने सहभागिता की । इस रोजगार मेले में दतिया जिले के लगभग 400 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया और 135 का चयन साक्षात्कार हेतु किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुस्तकालय विभाग अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र यादव, महेश पाल द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों से फीडबैक लिया गया । इस अवसर पर डॉ. एस. के. पांडे, डॉ.नरेंद्र यादव, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. ममता शर्मा, डॉ. मुकेश गुर्जर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. शिव सिंह, डॉ. होतम सिंह जाटव, डॉ. सामंत सिंह सेंगर, डॉ. अनुप मोघे, डॉ. छाया राहुल, प्रियंका स्वर्णकार, धीरज अग्रवाल, कमलेश सुमन, रवीन्द्र दोहरे, राहुल श्रीवास्तव, नीलम यादव, नीलम सिंह, मंजू उपाध्याय, राखी शर्मा, अर्पिता गुप्ता, राजा सिंह गौतम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस रोजगार मेले का आयोजन नोडल प्रो. रश्मि सिंह सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र द्वारा टी पी ओ बृजेश अहिरवार, प्रबल राहुल तथा विकास राठौर के समन्वय से किया गया । कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन प्राध्यापक डॉ. इला द्विवेदी द्वारा जबकि कार्यक्रम के समापन पर आभार राजनीतिशास्त्र की प्रोफेसर जयश्री त्रिवेदी द्वारा किया गया।

# नक्शा तरमीम में सेवनी बना नंबर 1





**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** मध्यप्रदेश में वर्तमान में राजस्व महा अभियान 2.0 चल रहा है जिसमें तहसील बड़ौनी का ग्राम सेवनी मध्यप्रदेश में नंबर 1 बना 16 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक राजस्व महा अभियान 2.0 चल रहा है जिसमे नक्शा तरमीम का काम सबसे महत्वपूर्ण है जिसमें ग्राम सेवनी में वर्तमान मे 663 सर्वे नंबर है तथा जिसमें अधिकांश सर्वे नंबर में बटवारा हो गया था तथा खसरा व नक्शा में एकरूपता नहीं थी जिससे विवाद की स्थिति निर्मित होती थी लेकिन नक्शा पखवाड़ा, राजस्व अभियान 1.0 एवम 2.0 में ग्राम सेवनी में लगातार नक्शा तरमीम का कार्य हुआ जिससे राजस्व महा अभियान 2.0 में नक्शा तरमीम मैं सेवनी शत प्रतिशत हो गया जिससे जमीन के विवाद ग्राम सेवनी में समाप्त हो गए किसान भाइयों में खुशी की लहर व्याप्त है तथा हल्का पटवारी जीत सिंह यादव की ग्राम सेवनी में सीएम हेल्पलाइन शून्य है तथा जनसुनवाई शून्य है तथा नक्शा तरमीम 100प्रतिशत(शत प्रतिशत) है हल्का पटवारी जीत सिंह यादव को कई बार जिला स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है ग्राम सेवनी राजस्व विभाग के अन्य कार्यों जैसे स्वामित्व योजना व फसल गिरदावरी (jiotag) में भी नंबर 1 बन चुका है।

दैनिक चम्बल नवराष्ट्र

भोपाल, शनिवार 27 जुलाई 2024



# तराना नगर परिषद अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि की लापरवाही के चलते सड़कें बनी तालाब

## रहवासियों हो रहे परेशान नहीं दे रहे संबंधित अधिकारी ध्यान

कमल मालवीय

**तराना (चम्बल नवराष्ट्र)।** नगर परिषद के अनदेखी एवं लापरवाही के कारण बारिश शुरू होते ही गंदगी बढने् से लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। नगर के अधिकांश वार्डों की गलियों में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। ऐसे में घरो से निकलने वाला निकासी का पानी खाली प्लाटों एवं सड़कों पर भराने लगा है। इससे गंदगी पसरी हुई है। लोगों को मार्ग पर फैल ही गंदगी एवं कीचड़के बीच से होकर आना जाना करना पड़ रहा है। लेकिन नगर परिषद द्वारा इसकी सुध नहीं ली जा रही है। नागरिकों का कहना है कि इस संबंध में नगर परिषद को अवगत कराने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वार्डो में खाली प्लाटों में गंदा पानी भरा होने के कारण बदबू, गंदगी से नागरिक त्रस्त है। नपं द्वारा बारिश में लोगों को परेशानी से निजात दिलाने की बात कहते हुए सफाई अभियान चलाने की बात तो कही जाती है, लेकिन वार्डों में सफाई एवं पानी निकासी की व्यवस्था इसके विपरीत है।






### कालोनियों में खाली प्लाटों में भरा गंदा पानी

नगर में कई कालोनियां है, जहां खाली प्लाटों में पानी भरे होने से आसपास के रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के वार्ड क्रमांक 10 में पूर्व विधायक ताराचंद जी के घर के पीछे स्थित कालोनी में अव्यवस्था पसरी हुई है। मुख्य मार्ग पर बारिश का पानी भरा पडा कीचड़, पानी एवं कचरा जमा हो रहा है। कालोनी में निस्तार के पानी के लिए न तो नाली का निर्माण नहीं किया और ना ही बारिश के पानी की कोई निकासी है । इसी तरह अन्य वार्डों में यह स्थिति बन रही है। वार्डवासियों ने बताया कि नाली की समस्या होने के कारण कचरा एवं बदबूदार पानी के कारण लोग परेशान है। पूर्व मे कई बार नगर परिषद को अवगत कराने के बाद भी व्यवस्थाओं में सुधार नहीं कराया जा रहा है। वार्डवासियों के घरों के सामने तक कीचड़ हो गया है।

### पनप रहे है मच्छर, बीमारी फैलने का भय

कच्चे मार्ग पर गड्डों मे पानी भरा होने से गंदगी के कारण मच्छर पनप रहे है। इससे बीमारियां फैलने का भय भी रहवासियों में बना हुआ है। नालियां नहीं होने के कारण निकासी का पानी कच्चे रोड़ पर फैल रहा है। इसके अलावा खाली प्लाटों में पानी जमा हो रहा है। वार्ड में आज तक मच्छर से निजात दिलाने के न तो कीटनाशक का छिड़काव किया गया न ही कभी फागिंग मशीन पहुंची। ऐसे में वार्डवासी सफई व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जता रहे है। नगर परिषद द्वारा वार्डों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए वार्डवासियों को तो प्रेरित किया जाता है, लेकिन खुद इसे नजरअंदाज कर रही है।

# जल गुणवत्ता परिक्षण व क्लोरिनेशन अभियान अंतर्गत महिलाओं ने सीखें पानी की जांच के तरीके

**मंदसौर।** वर्षाकाल में पानी में रासायनिक परिवर्तन होने से जलजनित बीमारियों के होने का अंदेशा बढ़ जाता है। इससे बचने के लिए पेयजल व स्वच्छता की जनजागरूकता के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल गुणवत्ता परिक्षण एवं क्लोरिनेशन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत गरोठ विकासखंड के ग्राम जमुनीया में इस किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परिक्षण करने का प्रशिक्षण विभाग कर्मचारियों द्वारा दिया जा रहा है।



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री प्रदीप कुमार गोगादे के निर्देशन में जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित पेयजल स्त्रोतो का क्लोरिनेशन करने एवं जल स्त्रोतो से प्राप्त पानी का फील्ड़ टेस्टिंग किट (स्त्रञ्च) के माध्यम से जल गुणवत्ता परिक्षण करने का प्रशिक्षण विभाग के मैदानी अमले द्वारा निरंतर दिया जा रहा है। इस वाटर टेस्टिंग किट से पानी के 10 प्रकार के टेस्ट पी एच, टर्बीडिटी, हार्डनेस, क्लोराइड, अल्केनीटी, फ्री क्लोरिन, आयरन, नाइट्रेट, फ्लोराइड व अमोनिया का टेस्ट आसान विधियों से कलर पहचानकर किया जाता है। टेस्ट किट में उपलब्ध केमिकल से 100 बार पानी के सेम्पल की जाँच की जाती है। यह किट क़ो विभाग द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत व हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों क़ो प्रतिवर्ष नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाती है। जिससे की ग्रामवासी अपनी पंचायत, ग्राम की चौपाल, स्कूल, आंगनवाड़ी में ही बैठकर पेयजल स्त्रोतो से प्राप्त पानी की जाँच कर सके।

# सवा लाख रुद्राक्ष से बने शिवलिंग का मंत्रोंचार के साथ हो रहा रुद्राभिषेक

## लगातार 21 ब्राह्मण मंत्रोचार के साथ कर रहे रुद्राभिषेक

**नागदा (चम्बल नवराष्ट्र)।** बिरलाग्राम गर्वनमेंट कॉलोनी मां भुवनेश्वरी धाम पर सवा लाख रुद्राक्ष से बने शिवलिंग का रुद्राभिषेक मंत्रोंचार के साथ हो रहा है। मां भुवनेश्वरी भक्त मंडल के इस आयोजन में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक लगातार 21 ब्राह्मण मंत्रोचार से रुद्राभिषेक कर रहे हैं।



भक्त मंडल के रामसिंह शेखावत, मोतीसिंह शेखावत ने बताया कि 24 से 28 जुलाई तक प्रतिदिन 8 घंटे ब्राह्मणों द्वारा रुद्र पाठ, रुद्राभिषेक और महामृत्युंजय मंत्रोच्चार से रुद्राक्षों को अभिमंत्रित कर किया जा रहा है।

29 जुलाई को मां भुवनेश्वरी मंदिर से भीकमपुर वृद्ध महाकाल मंदिर तक कांवड़ यात्रा निकलेगी। भीकमपुर मंदिर पर कांवड़ यात्रा के समापन पर महाआरती होगी, उसके बाद अभिमंत्रित किए रुद्राक्षों का वितरण किया जाएगा।

शुक्रवार को रुद्राभिषेक के तीसरे दिन ब्राह्मण महामृत्युंजय और रुद्र पाठ के साथ रुद्राभिषेक कर रहे हैं। आचार्य लोकेश व्यास, पं. रामेश्वर शर्मा, यशवंत शर्मा, विनोद शर्मा, जितेंद्र शर्मा, अभिवन शर्मा, सचिन शर्मा, गौरव व्यास, गोपाल शर्मा, जय व्यास, ईश्वर शर्मा, सुमित शर्मा, विजय शर्मा, विनोद व्यास, अंकित पौराणिक, अभय शर्मा, मनीष नागर, अजय शर्मा, सुभाष तिवारी मंत्रोच्चार से रुद्राक्ष को अभिमंत्रित कर रहे हैं।

# उज्जैन में श्रावण महोत्सव आज से

**उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)।** श्री महाकालेश्वर मन्दिर प्रबंध समिति प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण महोत्सव मन रही है। इस वर्ष इसे नाम दिया है ⁼शिवसंभवम। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक मृणाल मीना ने बताया कि 19 वे अखिल भारतीय श्रावण महोत्सव शिवसंभवम का आयोजन श्री महाकालेश्वर मंदिर के पास स्थित त्रिवेणी कला एवं पुरातत्वव संग्रहालय सभागृह, जयसिंह पुरा उज्जैन में आज शनिवार शाम 7 बजे किया जाएगा । प्रथम शनिवार को मुंबई के पं. रतन मोहन शर्मा का शास्त्रीय गायन, उज्जैन के पं. रामचन्द्र चौहान के निर्देशन में संस्था श्री गेबी साहब ताल वाद्य कचहरी द्वारा समूह तबला वादन, व उज्जैन की ऐश्वार्या शर्मा की कथक नृत्य की प्रस्तुातियॉ होंगी।



### कलाकारों का परिचय -

पं.रतन मोहन शर्मा- शास्त्रीय गायक पं.जसराज के भतीजे और शिष्य हैं। मेवाती घराने की हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत शैली के द्योतक होने के साथ ही हिंदुस्तानी संगीत में आपकी विशेषज्ञता असाधारण रूप से गहरी, व्यापक और प्रेरणादायक है। आप ख्याल शैली, तराना, ध्रुपद शैली, हवेली संगीत (मंदिर संगीत), टप्पा और कई हल्के-शास्त्रीय रूपों (भजन और कीर्तन सहित) के एक कुशल गायक हैं । राजस्थानी लोक संगीत शैली के एक प्रतिष्ठित कलाकार भी हैं। आपने कई टेली-सीरियल और निजी एल्बमों को संगीत दिया है।

पं. राम चन्द्र चौहान- आपकी तबले की प्रारम्भिक शिक्षा पं.नृसिंह दास महन्त द्वारा हुई। वर्तमान में इन्हीं के पुत्र पं. बालकृष्ण महन्त से ये शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आप आकाशवाणी के कलाकार रहे है और दूरदर्शन के कई कार्यक्रमों में प्रस्तुति दे चुके है। आपको अखिल भारतीय गंधर्व मण्डल मुम्बई द्वारा संगीत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया है। संस्था श्री गेबी साहब ताल वादन कचहरी के माध्यम से विगत 10 वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर प्रस्तुतियां हो रही है।

ऐश्वर्या शर्मा- जयपुर घराने की कथक नृत्यांगना है। नृत्य की प्रारंभिक शिक्षा उज्जैन में प्रतिभा रघुवंशी के मार्गदर्शन में प्राप्त की है। कथक नृत्य में डिप्लोमा इन परफार्मिंग आर्ट्स की परीक्षा राजा मानसिंह तोमर विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है। आपने दिल्ली कथक केंद्र के गुरु पंडित राजेंद्र गंगानी की कार्यशाला में नृत्य की बारीकियां सीखी है और वर्तमान में सुष्मिता पंवार से कथक नृत्य की शिक्षा ले रही हैं।

# नाली निर्माण बनी नागरिकों के लिए मुसीबत



**उन्हेल (चंबल नवराष्ट्र)।** नगर में विकास के नाम पर बना रही नालियों से रहवासी काफी परेशान नाली निर्माण से पूर्व खोदी गई जिसकी मरम्मत 20 से 25 दिनों के बाद भी ठेकेदार द्वारा नहीं की जा रही है।

जैन मंदिर व पोरवाल समाज मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं काफी परेशान होते हैं।वही विघालय जाने वाले के छोटे-छोटे बालक बालिका भी काफी परेशानी होते हैं। नगर परिषद के प्रशासन को मौखिक रूप से कहा गया परन्तु वह भी निरुत्तर हो गये । वही ठेकेदार भी लगातार बदल बदल आ रहे हैं जब इस संबंध में मजदूर से पूछा जाता है तो कहते कि ठेकेदार आज नहीं आया है इसके कारण घरों मे रहने वाले परिवार को नाले से निकलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जब इस संबंध में इंजीनियर पार्थ पंचोली से चर्चा करनी चाहिए तो अपना मोबाइल हर बार की तरह बंद आया। क्षेत्रीय पार्षद मनोहर ढोढरिया को इस संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने इस बारे में अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि ठेकेदार चर्चचा कर शीघ्र नाली निर्माण कराई जायेगी।

# वरिष्ठ नेता प्रभात झा ने जिया आदर्श जीवन : मुख्यमंत्री डॉ यादव

**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का शुक्रवार को निधन हो गया। उन्होंने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में सुबह 5 बजे 67 साल की उम्र में अंतिम सांस ली।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रभात झा एक सजग जनप्रतिनिधि के साथ ही प्रख्यात लेखक और राष्ट्रवादी विचारक भी थे। उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया। इनमें राज्यसभा सदस्य और मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की भूमिकाएं भी शामिल हैं। डॉ. यादव ने कहा कि उनका प्रभात झा के साथ कई वर्ष का संबंध रहा। उन्होंने एक आदर्श जीवन जिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि प्रभात झा ने अपने राजनीतिक जीवन में मीडिया के साथ आवश्यक समन्वय को हमेशा प्राथमिकता दी। वे निरंतर अध्ययन करते रहते थे। उन्होंने संगठन को सशक्त बनाने के लिए, यादगार सेवाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से स्व.प्रभात झा की आत्मा को शांति और उनके परिजन, प्रशंसक और विशाल मित्र समूह को यह दुख सहन करने की शक्ति देने के लिए प्रार्थना की है।

## मुख्यमंत्री ने प्रभात झा के निधन पर व्यक्त किया शोक

### प्रभात झा जी का निधन अपूरणीय क्षतिः मंत्री लोधी

संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने पूर्व राज्यसभा सांसद प्रभात झा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रभात झा के निधन के समाचार से स्तब्ध हूं। उनका निधन राजनीतिक और पत्रकारिता जगत के लिये अपूरणीय क्षति है। उन्होंने परमात्मा से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को दुःख की इस कठिन घड़ी में संबल प्रदान करें।

### राजनैतिक जगत और समाज के लिए अपूरणीय क्षतिः उप-मुख्यमंत्री शुक्ल

उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने वरिष्ठ नेता, मध्यप्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रभात झा के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ राजनीतिज्ञ, पत्रकार, लेखक और विचारक प्रभात झा का निधन राजनीतिक जगत और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने राष्ट्र-सेवा में आजीवन समर्पित रहे कर्मठ व्यक्तित्व प्रभात झा को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उप-मुख्यमंत्री शुक्ल ने दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने, परिजन और समर्थकों को यह विकट दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।



### मंत्री कुशवाह ने प्रभात झा के निधन पर किया शोक व्यक्त

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण तथा उद्यानिकी मंत्री नारायन सिंह कुशवाह ने भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रभात झा का निधन संगठन एवं समाज के साथ ही पत्रकार जगत के लिये अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने कहा कि स्व. झा ने पत्रकारिता के क्षेत्र से सार्वजनिक जीवन प्रारंभ कर आजीवन पार्टी और समाज की सेवा के लिए कार्य किया। मंत्री कुशवाह ने प्रभात झा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने व परिजनों और समर्थकों को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### राज्यमंत्री जायसवाल ने प्रभात झा के निधन पर शोक व्यक्त किया

कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष, मध्यप्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष प्रभात झा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि स्व. झा ने हमेशा लोगों की भलाई के लिये काम किया। वे एक उच्च कोटि विचारक होने के साथ कुशल संगठन कर्ता भी थे। उन्होंने हमेशा आमजन के जीवन को बेहतर बनाने के लिये चिंतन किया और संगठन को मजबूती देने का कार्य किया। अपने सद्‌कार्यों एवं प्रज्ञा से उन्होंने हम सबके दिलों में अमिट जगह बनाई। उनके निधन से एक युग का अंत हुआ है। जायसवाल ने स्व. झा के शोक संतप्त परिजन को सांत्वना देकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना परमपिता परमेश्वर से की है।

### स्व. झा लेखनी के धनी और राजनीति के सशक्त हस्ताक्षर थेः मंत्री शाह

जनजातीय कार्य, लोक सेवा प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने वरिष्ठ राजनीतिज्ञ प्रभात झा के देहावसान पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि स्व. झा ने पत्रकार से राजनीतिज्ञ तक एक लंबी जीवन यात्रा तय की।

# भारतीय सेना, दुनिया की बेहतरीन सेनाओं में से एक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## शौर्य स्मारक में भारतीय सेना के टी-55 टैंक का लोकार्पण भी किया



भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कारगिल विजय दिवस और रजत जयंती वर्ष पर भोपाल के शौर्य स्मारक में भारत माता की प्रतिमा पर नमन किया। डॉ. यादव ने शौर्य स्तंभ पहुंचकर शहीदों को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शौर्य स्मारक परिसर में स्थापित सेना के टी-55 टैंक का लोकार्पण भी किया। शौर्य स्मारक में अब आमजन भी इस टैंक को देख सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने द्रोणाचार्य सभागार में कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और कार्यक्रम को संबोधित किया। राजधानी भोपाल में कारगिल विजय दिवस पर हुए मुख्य कार्यक्रम में आज शौर्य स्मारक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पहुंचने पर एनसीसी कैडेट्स ने गार्ड्स ऑफ ऑनर दिया। जनरल ऑफिसर कमांडिंग सुदर्शन चक्र कोर, श्री प्रीतपाल सिंह, एनसीसी के मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल अजय कुमार के साथ ही 21 कोर भोपाल के अनेक अधिकारी भी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेना एवं एनसीसी के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल विजय से हमारी सेना ने एक नया इतिहास रचा। यह विजय भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की पहचान है। युद्धों में कई बार हथियारों के आगे सेना का हौसला महत्वपूर्ण होता है, जो जीत की ओर ले जाता है। पराक्रम भारत की पहचान रही है। दुश्मन हमारे देश में विभिन्न कारणों और तरीकों से नष्ट- भ्रष्ट करने के उद्देश्य से आते हैं, लेकिन हमारे शौर्य के आगे वे टिक नहीं पाते। मिस्र और रोम जैसी पुरानी सभ्यताएं खत्म हो गईं। लेकिन भारत की हस्ती मिटती नहीं है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत और पाकिस्तान दो राष्ट्र बने। आज दोनों राष्ट्रों की तुलना करें, तो हम देखते हैं कि भारत की अच्छाईयां अलग स्थान दिलाती हैं। दोनों देशों के बीच 1965 और 1971 के बाद 1999 में युद्ध हुए। जब अटल जी प्रधानमंत्री थे, पड़ोसी ने आंखों में धूल झोंकी। भारत पड़ोसी धर्म का निर्वहन कर रहा था। हमने सदैव ही अपनी सीमाओं और मर्यादा को समझा है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अतीत को देखते हुए समझा है कि पड़ोसी कैसे हैं और उनसे किस तरह व्यवहार करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कारगिल युद्ध में पाकिस्तान की पराजय हुई। आज भारत शत्रु के दुस्साहस का उत्तर उसके घर में घुसकर दे सकता है। भारतीय सेना दुनिया की बेहतरीन सेनाओं में से एक है, जो दुश्मन से निपटना जानती है। कारगिल शहीद सैनिकों को राष्ट्र कभी नहीं भुलाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को कारगिल विजय दिवस की बधाई देते हुए युद्ध के शहीदों को नमन किया।

# राजा भोज की रचनाओं पर आधारित व्याख्यान और अस्त्र-शस्त्रों की प्रदर्शनी 30 जुलाई को

**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र )।** पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय भोपाल में 30 जुलाई को दोपहर 3 बजे ख्यातलब्ध इतिहासकार और पुराविद् पद्मश्री भगवती लाल पुरोहित द्वारा परमार शासक राजा भोज एवं उनकी रचनाओं एवं भृतहरि पर आधारित व्याख्यान होगा। इस अवसर पर डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान भोपाल एवं अश्विनी शोध संस्थान उज्जैन के संयुक्त तत्वाधान में प्राचीन अस्त्र-शस्त्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। जनसंपर्क अधिकारी बिन्दु सुनील ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रदर्शनी एवं व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विश्वविद्यालयों के शोधार्थी विद्यार्थियों एवं विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों को प्राचीन अस्त्र-शस्त्र विद्या तथा परमार शासक राजा भोज के व्यक्तित्व तथा उनकी रचनाओं की जानकारी से अवगत कराना है।

# इंदौर के न्याय नगर में अतिक्रमण हटाने के दौरान हंगामा



**इंदौर ( चम्बल नवराष्ट्र ) ।** इंदौर के न्याय नगर में अतिक्रमण के खिलाफ हो रही कार्रवाई के दौरान जमकर हंगामा हुआ। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नगर निगम की ओर से यह कार्रवाई की जा रही है।

अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के दौरान लोगों ने न सिर्फ हंगामा किया, बल्कि निगम कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की भी की। जानकारी के अनुसार, न्याय नगर में लगभग 75 मकान ऐसी जमीन पर बने हुए हैं, जो एक भवन निर्माता की है। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय की डबल बेंच ने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत शुक्रवार को नगर निगम का अमला मौके पर पहुंचा और उसने कुछ मकानों पर बुलडोजर चलाया।

नगर निगम की कार्रवाई से लोगों में रोष देखने को मिला। कार्रवाई के विरोध में स्थानीय लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया। कई लोग बुलडोजर के आगे लेट गए और कार्रवाई रोकने की अपील करने लगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें मकान खाली करने के लिए 6 अगस्त तक का समय दिया है।

एडीएम रोशन राय ने बताया कि यह जमीन श्रीराम बिल्डर के नाम पर थी। बिल्डर ने अपनी जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए कोर्ट का रुख किया था। जिसके बाद कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं। आदेश के तहत यह कार्रवाई की जा रही है स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने अपनी जमीन जायदाद बेचकर यहां पर जमीन खरीदी और मकान बनवाया। इसका रजिस्ट्री भी उनके पास है, नगर निगम के कागज भी हैं। उन्हें नहीं मालूम कि सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला कैसे आया है।

# मोहन यादव का यूटर्न, स्कूल एडमिशन का फिर बदला नियम, बच्चों को इतनी मिलेगी छूट

**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र )।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार का एक नियम स्कूल शिक्षा विभाग के गले की फांस बन गया। जिससे सरकार को 5 महीने के अंदर ही पुराना आदेश बदलना पड़ गया। अब नए आदेश के तहत पहली कक्षा में प्रवेश के लिए बच्चों की उम्र में 6 महीने की छूट दी गई है। यानि प्रदेश के स्कूलों की पहली क्लास में अब अधिकतम 8 साल की उम्र तक के बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा वहीं प्री-प्राइमरी कक्षाओं में 4 महीने की आयु सीमा बढ़ाई गई है।

### छात्रों की संख्या घटी,बदला नियम

बता दें कि एमपी के 2 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में जीरो ईयर की नौबत आ गई है। 1 अप्रैल से शुरु हुई प्रवेश प्रक्रिया के तहत इन स्कूलों में एक भी बच्चे ने एडमिशन नहीं




लिया है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार छात्रों की संख्या में भी कमी आई है। वर्ष 2023-24 में जहां पहली कक्षा में 6.94 लाख बच्चों ने प्रवेश लिया था वहीं इस बार यह आंकड़ा घटकर 3.5 लाख तक पहुंच गया है। ऐसे में यदि उम्र संबंधी नियम में छूट मिलती है तो पहली कक्षा में प्रवेश करने वाले बच्चों की संख्या बढ़ सकती है। इधर अभिभावक भी पहली कक्षा में प्रवेश के लिए उम्र संबंधी नियम में छूट देने की मांग कर रहे थे।

### नए आदेश में बच्चों को मिलेगी इतनी छूट

नए नियमों के तहत पहली कक्षा में 6 महीने और प्री-प्रायमरी कक्षाओं में 4 महीने की छूट दी गई. संशोधित आदेश में प्री-प्रायमरी कक्षाओं (नर्सरी, केजी वन, केजी टू) के लिए आयु सीमा अब एक अप्रैल 2024 के स्थान पर 31 जुलाई 2024 रहेगी, जबकि पहली कक्षा के लिए एक अप्रैल 2024 के स्थान पर आयु सीमा 30 सितंबर 2024 रहेगी। अब तक नर्सरी, केजी-1 और केजी-2 के साथ ही कक्षा-1 में प्रवेश के लिए बेसलाइन 1 अप्रैल को बनाया गया था। इस वजह से एलकेजी और यूकेजी एवं कक्षा-1 में एडमिशन को लेकर अभिभावकों को दिक्कतें हो रही थी। कक्षा-1 में प्रवेश के लिए न्यूनतम 6 वर्ष का होना आवश्यक है। यदि बच्चा एलकेजी और यूकेजी पास करने के बाद 1 अप्रैल को 5 साल 8 महीने का भी है तो उसे कक्षा-1 में प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। जिससे बच्चों को 1 साल रिपीट करना पड़ता था। अब पहली कक्षा के लिए बेसलाइन 30 सितंबर करने से साढ़े 5 वर्ष के बच्चे को भी पहली कक्षा में प्रवेश मिल जाएगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विनीत गुप्ता, एम.आई.आफसेट वर्क्स, 91, रशीदिया स्कूल के पास बरखेड़ी, भोपाल से मुद्रित तथा सीओ मो. नफीस कुरैशी 91, रशीदिया स्कूल के पास, बरखेड़ी, भोपाल-462008 से प्रकाशित। सम्पादकः विनीत गुप्ता मो. 8889307028, कार्यकारी सम्पादक महेन्द्र राय। RNI No. MPHIN/2018/77427 ( समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। )